नैक

संस्थागत प्रत्यायन

विश्वविद्यालयों के लिए
स्व-अध्ययन रिपोर्ट
संबंधी नियम-पुस्तक

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद
विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का स्वायत्त संस्थान

NATIONAL ASSESSMENT AND ACCREDITATION COUNCIL
(An Autonomous Institution of the University Grants Commission)

प्रस्तावना

यह प्रसन्नता का विषय है कि राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) ने मूल्यांकन और प्रत्यायन की अपनी प्रक्रियाओं में नवीन उत्साह को संचारित किया है। यह प्रयास नैक केसंकल्प की निरंतरता के रूप में किया गया है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि मूल्यांकन और प्रत्यायनप्रक्रियाएं उच्च शिक्षा के स्थानीय, क्षेत्रीय एवं वैश्विक परिदृश्यकीआवश्यकताओंव परिवर्तनों के अनुरूप हो। संशोधन प्रक्रिया का मुख्य आधारप्रत्यायन प्रक्रिया की रचनात्मक सुविधाओं को बढ़ाने और उन्हें अधिक सुदृढ़, उद्देश्यपूर्ण, पारदर्शी और मापनीय बनाने के साथ-साथ इसे आईसीटी-संचालित बनाना है। उपरोक्त के कारण अब मान्यता प्रक्रिया अवधि भी कम हुई है।

नैक द्वारा विभिन्न परामर्शकएवं विशेषज्ञ समूह की बैठकों से प्राप्त फीडबैकके कारण संशोधित प्रक्रियासंभव हो पाया, जिसमें विश्वविद्यालय और महाविद्यालय क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रख्यात शिक्षाविदभी सम्मिलित थे।इसके अतिरिक्त, नैक ने वेब के माध्यम से सभी हितधारकों से, विशेष रूप से मूल्यांकनकर्ताअन्योन्यक्रिया बैठकों (AIM) के दौरान शिक्षाविदों से प्रतिपुष्टि निवेदित की।संपूर्ण संशोधन प्रक्रिया के परिणामस्वरूप एक सुदृढ़ और व्यवहार्य मूल्यांकन और प्रत्यायन रूपरेखा विकासित हुआ, जो प्रौद्योगिकी-सक्षम और प्रयोक्ता अनुकूल सिद्ध हुआ है।अब मान्यता प्राप्त करने के इच्छुक उच्च शिक्षा संस्थानों (HEI) को प्रक्रिया में किए गए परिवर्तनों को समझने की आवश्यकता होगी।इस को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालयों, स्वायत्त महाविद्यालयों तथा संबद्ध/घटक महाविद्यालयों के लिए अलग से प्रकाशित होने वाले सभी नियमावली में संशोधन किया गया है।स्व-अध्ययन रिपोर्ट (SSR) मान्यता की पूरी प्रक्रिया का आधार है।कुछ मदों में अंतर करने के लिए विशेष प्रयास किए गए हैं ताकि उन्हें विभिन्न श्रेणियों के संस्थानों में उपयुक्त रूप से लागू किए जा सकें।ऐसा विश्वास है कि नियमावली उच्च शिक्षा संस्थानों को, मूल्यांकन और प्रत्यायन की संशोधित प्रक्रिया के अनुरूप तैयार होने में सहायक सिद्ध होगा। सदैव की भांति, नैक हर किसी की प्रतिपुष्टि को आमंत्रित करता है।

कॉपीराइटपं. सं: L-94579/2020

प्रत्यायन अभिकरण के साथ-साथ प्रत्यायन आवेदित संस्थानों के उत्तरदायित्व को बढ़ाने के प्रयास में, यह सलाह दी जाती है कि HEIs नैक के वेबसाइट पर उसके नवीनतम घटनाक्रमका अवलोकन करें।

इस नियमावली को विकसित करने में विशेषज्ञों और नैक के अधिकारियों/कर्मचारियों के योगदान को कृतज्ञतापूर्वकअभिस्वीकृत किया गया है।

अक्तूबर, 2020

बेंगलूरु

(डॉ. एस.सी.शर्मा)

निदेशक,नैक

कॉपीराइटपं. सं: L-94579/2020

विषय-सूची

पृष्ठ सं.

प्रस्तावना 2

खंड क: मूल्यांकन और प्रत्यायनहेतु दिशानिर्देश

I. परिचय 8

दृष्टि एवं लक्ष्य 9

मूल मंत्र 9

II. उच्च शिक्षा संस्थानों का मूल्यांकन और प्रत्यायन 13

संशोधित मूल्यांकन एवंप्रत्यायन (A&A) रूपरेखा 13

मूल्यांकन का केंद्रबिंदु 13

III. गुणवत्ता संकेतक रूपरेखा (QIF) – विवरण 15

IV. नैक द्वारा मूल्यांकन एवंप्रत्यायन हेतु पात्रता 33

V. मूल्यांकन प्रक्रिया 34

VI. प्रक्रियात्मक विवरण 37

VII. मूल्यांकन परिणाम 41

संस्थागतCGPA की गणना 42

VIII. संस्थागत अपील की प्रक्रिया 44

IX. पुनर्मूल्यांकन 44

X. प्रत्यायन अनुवर्ती साइकल 45

XI. शुल्क संरचना एवं अन्य वित्तीय प्रभाव 46

XII. स्व-अध्ययन रिपोर्ट (SSR) प्रस्तुत करने के लिए तैयार होना 48

XIII. HEI की वेबसाइट पर अनिवार्य प्रकटीकरण 50

कॉपीराइटपं. सं: L-94579/2020

खंड ख : स्व-अध्ययन रिपोर्ट (SSR) के लिए डेटा आवश्यकताएँ

1. कार्यकारी सारांश 52

2. विश्वविद्यालय की रूपरेखा का प्रोफाइल 53

3. विश्वविद्यालय का विस्तारित रूपरेखा 60

4. गुणवत्ता संकेतक रूपरेखा (QIF) 62

5. विभागों की मूल्यांकन रिपोर्ट 132

6. डेटाटेम्प्लेट/दस्तावेज़ मात्रात्मकमेट्रिक्स (QnM) 135

कॉपीराइटपं. सं: L-94579/2020

खंड ग: परिशिष्ट

1. परिशिष्ट1: शब्दावली और नोट्स 168

2. परिशिष्ट 2: संक्षिप्ताक्षर 182

कॉपीराइटपं. सं: L-94579/2020

खंड क

मूल्यांकन और प्रत्यायन हेतु दिशानिर्देश

प्रस्तुत खंड मूल्यांकन एवं प्रमुख संकेतकों हेतु मूल मंत्रों व मानदंड के आधार पर मूल्यांकन एवं प्रत्यायन के लिए नैक की रूपरेखा को प्रस्तुत करता है।इसके साथ ही, यह स्व-अध्ययन रिपोर्ट को ऑनलाइन भरने के लिए संस्थागत तैयारी, सहकर्मी मूल्यांकन एवं प्रत्यायन के अंतिम परिणाम का विवरण प्रस्तुत करता है। पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया, संस्थागत अपील की प्रक्रिया और अनुवर्ती चक्रों की मान्यता भी प्रस्तुत करता है।

कॉपीराइटपं. सं: L-94579/2020

I. परिचय

भारत, विश्व की सबसे बृहत एवं विविध शिक्षा प्रणालियों में से एक है। निजीकरण, व्यापक विस्तारण, वर्धितस्वायत्तताएवंनवीन व उभरते क्षेत्रों में कार्यक्रमों के समावेशनने उच्च शिक्षा अभिगम में व्यापक सुधार किया है।साथ ही, इसने उच्च शिक्षा की गुणवत्ता एवं प्रासंगिकता पर व्यापक आशंकाएं भी पैदा की हैं।इन आशंकाओं को दूर करने हेतुशिक्षा पर राष्ट्रीय नीति (NPE, 1986) एवं कार्रवाई कार्यक्रम (PoA, 1992) ने नीतियों हेतु युक्तिपूर्ण योजनाओं की व्याख्या की तथा एक स्वतंत्र राष्ट्रीय प्रत्यायन एजेंसी की स्थापना की हिमायत की।इसके फलस्वरूप, वर्ष 1994 में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) की स्थापना विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) के एक स्वायत्त संस्थान के रूप में हुई, जिसका मुख्यालयबेंगलूरु, कर्नाटक में स्थित है।नैकका अधिदेश, उच्च शिक्षा संस्थानों (HEI) कीकार्य-पद्धति में गुणवत्ता आश्वासन को एक अभिन्न अंग बनाना तथाउन्हें अभ्यंतरमें एक सुदृढ़ गुणवत्ता संस्कृति बनाने हेतु प्रेरित करना है।

नैकअपनी सामान्य परिषद (GC) तथा कार्यकारी समिति (EC) के माध्यम से कार्य करता है जिसमें भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली के विभिन्न वर्गों के शैक्षिक प्रशासक, नीति निर्माता एवं वरिष्ठ शिक्षाविद सम्मिलित हैं।यूजीसी के अध्यक्ष नैकके GC अध्यक्ष होते हैं, तथाEC के अध्यक्ष, GC (NAAC) अध्यक्ष द्वारा नामित एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद होते हैं।नैकके निदेशक, नैकके शैक्षणिक एवं प्रशासनिक प्रमुख हैं वGC तथाEC दोनों के सदस्य-सचिव हैं।अपनी नीतियों को संचालित करने वाले सांविधिक निकायों के अतिरिक्त, समय-समय पर गठित विशेषज्ञ सलाहकार तथा परामर्शक समितियां एवं प्रमुख स्टाफ की प्रतिबद्ध टीम, नैक की गतिविधियों को समर्थित एवं संचालित करती है।

कॉपीराइटपं. सं: L-94579/2020

नैक की दृष्टि, लक्ष्य एवं मूल-मंत्र

नैक की दृष्टि:

स्वएवंबाह्य गुणवत्ता मूल्यांकन, संवर्धन तथा संपोषण पहलों के संयोजन से गुणवत्ता को भारत में उच्चतर शिक्षा का निर्धारिक तत्व बनाना।

नैक के लक्ष्य कथन:

- *उच्चतर शैक्षिक संस्थानों या उनकी इकाइयों, अथवा विशिष्ट शैक्षणिक कार्यक्रमों या परियोजनाओं के आवधिक मूल्यांकन एवं प्रत्ययन की व्यवस्था करना।*
- *उच्चतर शिक्षण संस्थानों में शिक्षण अधिगम तथा अनुसंधान – को बढ़ावा देने के लिए शैक्षणिक परिवेश को प्रोत्साहित करना।*
- *उच्चतर शिक्षा में स्वमूल्यांकन-, उत्तरदायित्व, स्वायत्तताएवं नवीनपद्धतियों को प्रोत्साहित करना।*
- *गुणवत्ता से संबंधित अनुसंधान अध्ययन, परामर्श और प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करना, एवं*
- *गुणवत्ता मूल्यांकन, संवर्धन एवं संपोषण के लिए उच्चतर शिक्षा के अन्य हितधारकों को सहयोग प्रदान करना।*

इन लक्ष्य कथनों का उद्देश्य नैक की दृष्टिको केंद्रस्थ कार्य योजनाओं में परिवर्तित करना है, एवं उच्च शिक्षा संस्थानों के साथ नैक के वचनबद्धता को परिभाषित करना है ताकि उनमें एक गुणवत्ता संस्कृति कोप्रारंभकिया जा सके।अपने दृश्य एवं लक्ष्य कथनों द्वारा निर्देशित अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने का प्रयास करते हुए, नैक का ध्यान मुख्यतः देश में उच्च शिक्षा संस्थानों की गुणवत्ता के मूल्यांकन पर केंद्रित है।मूल्यांकन एवं प्रत्यायन के लिए नैक पद्धति का अभिकल्पन विशेष रूप से विश्व-भर में गुणवत्ता आश्वासन (QA) एजेंसियों की श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है जिसमें संस्थान द्वारा प्रारंभिक स्व-मूल्यांकन एवंनैक द्वारा आयोजित बाह्य सहकर्मी मूल्यांकन सम्मिलित है।

नैक का मूल-मंत्र

विश्व भर में, उच्च शिक्षा संस्थान (HEI) एक गतिशील वातावरण में कार्य करते हैं। देश में उच्च शिक्षा प्रणाली के विस्तारण की आवश्यकता, शैक्षिक वितरण पर आधुनिक प्रौद्योगिकी के प्रभाव, उच्च शिक्षा में निजी सहभागिता में वृद्धि एवंवैश्वीकरण के प्रभाव (उदार सीमा-पार तथा अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक अनिवार्यताओं सहित) को ध्यान में रखते हुए, नैक ने भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली में उल्लेखनीय परिवर्तन की परिकल्पना की है। नैक ने अपने मूल-मंत्रों को तैयार करते समय इन परिवर्तनों एवं मूल्यों में परिणामी परिवर्तनों को संज्ञान

कॉपीराइटपं. सं: L-94579/2020

में लिया है।तदनुसार, बाह्यतथा आंतरिक सत्यनिष्ठा, वैधता एवं विश्वसनीयता को सुनिश्चित करने हेतु, नैक की QA प्रक्रिया मूल्य रूपरेखा के भीतर आधारित है, जो राष्ट्रीय संदर्भ के लिए उपयुक्त एवं संगत है।

नैक की प्रत्यायन रूपरेखा **पांच मूल-मंत्रों** पर आधारित है, जिसका विवरण निम्नलिखित है:

(i) राष्ट्रीय विकास में योगदान देना

अधिकांश उच्च शिक्षा संस्थानों में परिवर्तनों के अनुकूल होने एवं साथ ही उन लक्ष्यों तथा उद्देश्यों के अनुसरण की उल्लेखनीय क्षमता है, जो उन्होंने अपने लिए निर्धारित किए हैं। हमेशा से ही राष्ट्रीय विकास में योगदान देना, भारतीय उच्च शिक्षा संस्थानों का निहित लक्ष्य रहा है। उच्च शिक्षा संस्थानों की भूमिका मानव संसाधन विकास एवं व्यक्तियों की क्षमता निर्माण, अर्थव्यवस्था, समाज तथा पूरे देश की आवश्यकताओं को पूर्ण करने हेतु में बहुत महत्वपूर्ण है, जिससे राष्ट्र के विकास में योगदान मिलता है। सामाजिक न्याय के उद्देश्य हेतुसेवारतहोना, समानता सुनिश्चित करना एवं उच्च शिक्षा केअभिगमको बढ़ाना आदि कुछ ऐसे विधियाँ हैं, जिनके द्वारा उच्च शिक्षा संस्थान, राष्ट्रीय विकास में योगदान दे सकते हैं। इसलिए यह संगत है कि नैक की मूल्यांकन एवं प्रत्यायन (A&A) प्रक्रिया उन विधियों पर गौर करें जिन पर उच्च शिक्षा संस्थान राष्ट्रीय विकास के प्रति अपनी प्रतिक्रिया एवं योगदान दे रहे हैं।

(ii) छात्रों के बीच वैश्विक सामर्थ्य को प्रोत्साहित करना

वैश्विक स्तर पर बढ़ते शैक्षणिक, तकनीकी एवंप्रौद्योगिकीय विकास यह भी सुनिश्चित करते हैं कि नैक छात्रों के मूल्यांकन कौशल विकास के अपने कार्यक्षेत्र को विश्व भर के एवं अपने समकक्षों के बराबर विकसित करें।आर्थिक गतिविधियों के उदारीकरणतथावैश्वीकरण के कारण, उच्च क्षमता के कुशल मानव संसाधन को विकसित करना अनिवार्य हो गया है। फलस्वरूप, उच्च शिक्षा में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की स्वीकार्य मानकों की मांग अंतर्निहित है।अतः, नैक की प्रत्यायन प्रक्रिया को वैश्विक चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करने के लिए मूल क्षमता को प्राप्त करने के लिए छात्रों को तैयार करने में उच्च शिक्षा संस्थान की भूमिका को परीक्षण करने की आवश्यकता है।इसके लिए अनिवार्य है कि उच्च शिक्षा संस्थान अपने उपागम में नवीन, रचनात्मक तथा उद्यमशील हों। इसे प्राप्त करने की दिशा में, उच्च शिक्षा संस्थान, उद्योगों के साथ सहयोग स्थापित कर सकते हैं, पड़ोसी एजेंसियों/निकायों के साथ नेटवर्क स्थापित कर सकते हैं एवं "सक्षम-शिक्षण संसार" तथा "कुशल कार्य संसार " के मध्य घनिष्ठ संबंध को प्रोत्साहित कर सकते हैं।

(iii) छात्रों के मध्य मूल्य प्रणाली बढ़ाना

कॉपीराइटपं. सं: L-94579/2020

हालांकि नौकरी के बाजार में छात्रों की सफलता के लिए कौशल विकास महत्वपूर्ण है, उपयुक्त मूल्य प्रणालियों के अभाव में कौशल का मूल्य कम हो जाता है।उच्च शिक्षा संस्थानों को छात्रों के मध्य वांछनीय मूल्य प्रणाली विकसित करने का दायित्व उठाना होगा।भारत जैसे देश में, सांस्कृतिक बहुलताओंएवं विविधताओं के साथ, यह आवश्यक है कि छात्र स्थानीय, राष्ट्रीय तथा सार्वभौमिक स्तरों पर सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक वपर्यावरणीय वास्तविकताओं के अनुरूप उपयुक्त मूल्यों को आत्मसात करें।देश में जो भी बहुलताएंएवं विविधताएं उपस्थित हैं, देश के विभिन्न नीति दस्तावेजों में अन्य मूल्यों के अतिरिक्त, सत्य और नीतिपरायणता जैसे मूल सार्वभौमिक मूल्यों को विकसित करने पर जोर दिया गया है।शिक्षा के प्रारंभिक चरणों के दौरान सहयोग वपारस्परिक समझ तथा उच्च शिक्षा स्तर पर उपयुक्तअध्ययन अनुभवों एवं अवसरों के माध्यम से मूल्यों को दोहरातेहुए प्रमुखता प्रदान करना होगा।इसलिए नैकमूल्यांकन इस तथ्यों का अध्ययन करता है कि उच्च शिक्षा संस्थानों द्वारा इन आवश्यक एवं वांछनीय मूल्यों को छात्रों में कैसे विकसित किया जाए।

(iv) प्रौद्योगिकी के प्रयोग को प्रोत्साहन देना

जो आज अधिकांश महत्वपूर्ण विकास देखे जा सकते हैं, उसका सारा श्रेय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को जाता है।दैनिक जीवन में आधुनिक उपकरणों एवंप्रौद्योगिकीयनवाचारों केप्रयोग के लाभ पूर्ण रूप से अभिज्ञात है, तथापि उच्च शिक्षा संस्थानों के शिक्षण-अधिगम एवंअभिशासन के लिए नई प्रौद्योगिकियों के प्रयोग में संगत परिवर्तनवांछनीय है। सभी उच्च शिक्षा संस्थानों द्वारा शैक्षणिक विकास के साथ-साथ प्रशासन पर प्रत्यक्ष प्रभाव हेतु शैक्षिक अंतर्व्यवहार में प्रौद्योगिकीय प्रगति एवंनवाचार किए जाने चाहिए।ऐसे समय में जब हमारे शैक्षणिक संस्थानों से वैश्विक साझेदारों की तरह अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद की जाती है, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकीयनवाचारों को अपनाया जाना चाहिए।उच्च शिक्षा प्रदान करने की पारंपरिक विधियाँ अब छात्रों के लिए कम प्रेरक सिद्ध हो रहे हैं।मानव प्रयत्न के अन्य क्षेत्रों में विकास सहित सामंजस्य बनाए रखने के लिए, उच्च शिक्षा संस्थानों को अपने छात्रों के अध्ययन अनुभवों को अत्याधुनिक शैक्षिक प्रौद्योगिकियों के साथ प्रदान करते उन्हें समृद्ध करना होगा।सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (ICT) केइष्टतमप्रयोग के लिए परिसर समुदाय को पर्याप्त रूप से तैयार किया जाना चाहिए।हार्डवेयर निवेश एवं संकाय को उपयुक्त रूप से उन्मुख करने हेतु सचेत प्रयास अनिवार्य है।

प्रभावी संस्थागत कार्य के लिए अध्ययन संसाधन के रूप में प्रौद्योगिकी के प्रयोग के अतिरिक्त, संस्थान की गतिविधियों को प्रौद्योगिकी-सक्षम तरीके से प्रबंधित करना होगा।उदाहरण के लिए, उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रलेखनतथाडेटा प्रबंधन ऐसे क्षेत्र हैं जहां नैक द्वारा मूल्यांकन की प्रक्रिया ने महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है।इलेक्ट्रॉनिकडेटा प्रबंधन की प्रोत्साहित करते हुए एवं हितधारकों को तैयार करने तथा संबंधित जानकारी प्रदान करने के लिए संस्थागत वेबसाइट होना वांछनीय कदम हैं। अन्य शब्दों में, उच्च शिक्षा संस्थानों में ICT का प्रभावी प्रयोग, संसाधन साझेदारी एवं नेटवर्किंग के लिए ICT के प्रयोग के साथ-साथ ICT -सक्षम प्रशासनिक प्रक्रियाओं को अपनाने के लिए परिसर समुदाय को ICT साक्षरता प्रदान करने में समर्थ होगा।इसलिए, नैकमूल्यांकन इस पर गौर करेगा कि उच्च शिक्षा संस्थानों ने अपनी इलेक्ट्रॉनिकडेटा प्रबंधन

कॉपीराइटपं. सं: L-94579/2020

प्रणाली, इलेक्ट्रॉनिक संसाधन तथा आंतरिक एवं बाह्यहितधारकों, विशेष रूप से छात्र समुदाय तक उनकी पहुंच कैसे स्थापित की है।

(v) उत्कृष्टता अनुसरण

छात्रों के राष्ट्र निर्माण तथा कौशल विकास में योगदान को सुनिश्चित करने के लिए, उच्च शिक्षा संस्थानों को स्वयं उत्कृष्टता केंद्रों के रूप में विकसित करने हेतु प्रयासरत होना चाहिए।वे जो कुछ भी करेंगे, उसमें उत्कृष्टता समग्र रूप से देश की उच्च शिक्षा प्रणाली के समग्र विकास में योगदान देगी। यह 'उत्कृष्टता अनुसरण' किसी संस्थान के स्व-अध्ययन रिपोर्ट (SSR) तैयार करने एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) तथा संचालन समिति की स्थापना द्वारा मूल्यांकन के साथ या उससे पूर्व भी प्रारंभ हो सकती है। इस दिशा में एक और कदम हो सकता है - संस्थान के गुणवत्ता अंतर विश्लेषण तथाSWOC विश्लेषण के माध्यम से संस्थान द्वारा किए गए शिक्षण वअध्ययन प्रक्रियाओं में सामर्थ्यएवं दोष की पहचान।

उपरोक्त पांच मूलमंत्र, उन उच्च शिक्षा संस्थानों के मूल्यांकन की नींव हैं, जो नैक द्वारा मूल्यांकन एवंप्रत्यायन प्राप्ति के लिए निवेदित करते हैं।संस्थान के लक्ष्यों एवं ध्येय के अनुरूप उच्च शिक्षा संस्थान अपने स्वयं के मूलमंत्रों को नैक के मूल्यों से जोड़ सकते हैं।

कॉपीराइटपं. सं: L-94579/2020

II. उच्च शिक्षा संस्थानों का मूल्यांकन एवं प्रत्यायन

नैक पिछले दो दशकों से भी अधिक समय से उच्च शिक्षा संस्थानों के गुणवत्ता मूल्यांकन एवंप्रत्यायन की प्रक्रिया का निर्वाह कर रहा है।कई उच्च शिक्षा संस्थान इस प्रक्रिया से गुजर चुके हैं एवं इनमें बड़ी संख्या प्रत्यायनके अनुवर्ती चक्रों की प्रक्रिया से भी अवगत हो चुके हैं। बाह्य संसार में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में समग्र विकास के अनुरूप उच्च शिक्षा संस्थानों में गुणवत्ता संस्कृति को प्रोत्साहित करने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, नैक अपनी प्रक्रियाओं में इन्हें पर्याप्त रूप से प्रतिबिंबित करने के लिए प्रयासरत है। नैक की A&A प्रक्रिया, मूल्यांकन किए जा रहे उच्च शिक्षा संस्थानों के साथ साझेदारी से संपन्न हो रहा है।जैसा कि अब तक ज्ञात है, नैक की A&A प्रक्रिया का संशोधन ऐसी साझेदारी को प्रोत्साहित करने का प्रयास है।इतने वर्षों में, उच्च शिक्षा संस्थानों एवं अन्य हितधारकों से प्राप्त प्रतिपुष्टि के साथ-साथ HE के राष्ट्रीय परिदृश्य में विकास ने प्रक्रिया में उचित संशोधन करने में योगदान दिया है ताकि अधिक दृढ़ता के साथ प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके।

संशोधित मूल्यांकन एवंप्रत्यायन (A&A) रूपरेखा

संशोधित मूल्यांकन एवंप्रत्यायन (A&A) रूपरेखा को जुलाई 2017 में प्रारंभ किया गया।यह एक सुस्पष्ट परिप्रेक्ष्य परिवर्तन का प्रतिनिधित्व करता है, जो इसे ICT-सक्षम, उद्देश्य, पारदर्शी, मापनीय और सुदृढ़ बनाता है। यह परिवर्तन है :

- निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सहित पिछले गुणात्मक सहकर्मी निर्णय से डेटा आधारित मात्रात्मक संकेतक मूल्यांकन में वृद्धि
- मापनीयताएवं सुदृढ़ता की पुष्टि करने वाले ICT का व्यापक उपयोग।
- प्रक्रिया सरलीकरण के संदर्भ में, प्रश्न संख्या में भारी कमी, स्व अध्ययन रिपोर्ट के आकार में कटौती, सहकर्मी टीम के दौरे के दिनों की संख्या में कमी।
- गुणवत्ता सुधार उपकरण के रूप में मानदंड को प्रोत्साहित करना। अन्य अंतर्राष्ट्रीय QA रूपरेखाओं के साथ नैकसंकेतकों की तुलना के द्वारा प्रयास जारी है।
- ऑनलाइन मूल्यांकन (लगभग 70%) और सहकर्मी निर्णय (लगभग 30%) के संयोजन सहित प्रणाली द्वारा प्रदत्त अंक (SGS) प्रारंभ करना
- समकक्ष टीम के दौरे से पहले प्री-क्वालीफायर की शुरुआत, SGSके 25% के रूप में।
- डेटा के तीसरे पक्ष के सत्यापन तत्व को प्रस्तुत करना।
- विश्वविद्यालयों, स्वायत्त महाविद्यालयों एवं संबद्ध/घटक कॉलेजों के मध्य मेट्रिक्स, वेटेज और मानदंड में उचित अंतर प्रदान करना।
- मूल्यांकन प्रक्रिया में छात्रों एवं पूर्व छात्रों की भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए कई मेट्रिक्स में संशोधित करना।

मूल्यांकन केंद्र-बिंदु

कॉपीराइटपं. सं: L-94579/2020

गुणवत्ता पहल, गुणवत्ता पोषण एवं गुणवत्ता संवर्धन के संदर्भ मेंनैक का अभिप्रेरण, संस्थान की गुणवत्ता संस्कृति के मूल्यांकन की दिशा में जारी है, जो इसके दृष्टि, संगठन, संचालन एवं प्रक्रियाओं में निरूपित है।अनुभव से यह ज्ञात होता कि इन्हें साइटप्रेक्षण एवं/या संस्थागत कार्य के विभिन्न पहलुओं के बारे में तथ्यों व आंकड़ों के माध्यम सेनिर्धारित किया जा सकता है। संशोधित नियमावली आंतरिक संस्थागत प्रक्रियाओं को प्रतिबिंबित करने वाले उत्तरवर्ती की तुलना में अधिक विश्वास उत्पन्न करता है।

नैक के इस अभिशंसा के अनुरूप कि गुणवत्ता संबंधी विषय संस्थागत हैं, गुणवत्ता मूल्यांकन (QA) स्व-मूल्यांकन, स्व-मूल्यांकन प्रक्रिया के माध्यम से उन्नत उपायों से किया जा सकता है एवं नैक को प्रस्तुत किए जाने वाले स्व अध्ययन रिपोर्ट (SSR) की तैयारी में सभी हितधारक - प्रबंधन, संकाय सदस्य, प्रशासनिक कर्मचारी, छात्र, माता-पिता, नियोक्ता, समुदाय तथा पूर्व छात्र की भागीदारी सम्मिलित है।यद्यपि आंतरिक हितधारक यानी प्रबंधन, कर्मचारियों व छात्रों की भागीदारी गतिविधि को विश्वसनीयता एवं स्वामित्व प्रदान करती है तथा इससे नई शुरुआत हो सकती है, बाह्यहितधारकों के साथ अंतःक्रिया से संस्थान तथा उनकी शैक्षिक सेवाओं के विकास में भी सहायता मिलेगी।कुल मिलाकर, QA से संस्थागतआत्मसुधार, नवाचार को प्रोत्साहन देने और उत्कृष्टता की प्रेरणा को सुदृढ़ करने के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करने की उम्मीद है।

A&A की पूरी प्रक्रिया के डिजिटल क्षेत्र को बढ़ाने का प्रयास किया गया है। ऐसा विचार है कि यह न केवल प्रक्रिया में तेजी लाएगा बल्कि प्रक्रिया में अधिक निष्पक्षता भी लाएगा।

उच्च शिक्षा संस्थानों के संबंध में आवश्यक संभावित अंतर, जो A&A के बाद के चक्रों के लिए आवेदन कर रहे हैं, उनके लिए प्रक्रिया में उचित अवसर प्रदान किए गए है। यह उच्च शिक्षा संस्थानों को गत A&A चक्रों के बाद उनके द्वारा किए गए विकास को उचित रूप से प्रतिनिधित्व करने की अनुमति देगा।

कॉपीराइटपं. सं: L-94579/2020

III. गुणवत्ता संकेतक रूपरेखा (QIF) – विवरण

मानदंड-आधारित मूल्यांकन NAAC की A&A प्रक्रिया का आधार हैं। सात मानदंड उच्च शिक्षा संस्थानों के कार्यों एवं गतिविधियों के मुख्य क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं। संशोधित रूपरेखा में न केवल संस्थागत कार्य के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक पहलुओं बल्कि उभरते विषयों को भी सम्मिलित किया गया है। उच्च शिक्षा संस्थानों के मूल्यांकन के आधार के लिए सात मानदंड हैं:

मापदंड 1: पाठ्यक्रम पहलू

मापदंड 2: अध्यापन-अध्ययन एवं मूल्यांकन

मापदंड 3: अनुसंधान, नवाचार एवं विस्तार

मापदंड 4: आधारभूत सुविधाएँ एवं अध्ययन संसाधन

मापदंड 5: छात्र सहायता एवं प्रगति

मापदंड 6: प्रशासन, नेतृत्व एवं प्रबंधन

मापदंड 7: संस्थागत मूल्य एवं सर्वोत्तम प्रथाएं

प्रत्येक मापदंड के अंतर्गत कुछ प्रमुख संकेतक (KIs) की पहचान की जाती है। इन प्रमुख संकेतकों को आगे मेट्रिक्स के रूप में चित्रित किया गया है, जो वास्तव में उच्च शिक्षा संस्थानों से प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए हैं। इन सात मापदंडोंसहित इनके पहलुओं की व्याख्या निम्नलिखित हैं

मापदंड 1: पाठ्यक्रम पहलू

पाठ्यक्रम के पहलू किसी भी शैक्षिक संस्थान के मुख्य आधार हैं।तथापि, इस संबंध में विभिन्न उच्च शिक्षा संस्थानों के दायित्व उनकी प्रशासनिक स्थिति के आधार पर भिन्न होते हैं। अर्थात्, एक संबद्ध महाविद्यालय अनिवार्य रूप से शिक्षण इकाई है, जो अपनी शैक्षणिक एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं को वैध बनाने के लिए एक बड़े निकाय अर्थात् विश्वविद्यालय पर निर्भर होते हैं। पाठ्यक्रम पहलुओं में इनकी प्रतिबद्धता मुख्यतःपाठ्यक्रम विकास में इनकी भागीदारी, प्रक्रियात्मक ब्यौरा, मूल्यांकन प्रक्रियाओं सहित प्रमाण पत्र परिधीय है। विश्वविद्यालय को विशेष कार्यक्रमों के लिए उपयुक्त पाठ्यक्रम को दृष्टिगत करने, उन्हें समय-समय पर संशोधित/अद्यतन करने, यह सुनिश्चित करने का अधिकार है कि उनके कार्यक्रमों के परिणाम उनके निकायों द्वारा परिभाषित हैं, परंतु संबद्ध/घटक महाविद्यालयों को यह स्वतंत्रता नहीं है। स्वायत्त महाविद्यालयों के मामले में, पाठ्यक्रम संबंधी दायित्व विश्वविद्यालयों के समान होते हैं।

कॉपीराइटपं. सं: L-94579/2020

मापदंड 1 का संबंध संस्थान की प्रथाओं, कार्यक्रम विकल्पों एवं पाठ्यक्रमों की एक विस्तृत श्रृंखला शुरू करने से है, जो उभरते हुए राष्ट्रीय एवं वैश्विक रुझानों के अनुरूप हो और स्थानीय आवश्यकताओं के लिए प्रासंगिक हो। विविधता और अकादमिक लचीलेपन के मुद्दों के अतिरिक्त, जीविका उन्मुखीकरण, बहु-कौशल विकास, प्रतिक्रिया प्रणाली और पाठ्यक्रम अद्यतन में हितधारकों की भागीदारी के पहलुओं का भी मूल्यांकन किया जाता है।

मापदंड 1 के केंद्रबिंदु निम्नलिखित प्रमुख संकेतकों में से प्राप्त किया गया है:

प्रमुख संकेतक

1.1*(U) -पाठ्यक्रम अभिकल्पन एवं विकास

1.1*(A) - पाठ्यक्रम योजना एवं कार्यान्वयन

1.2 शैक्षणिक लचीलापन

1.3 पाठ्यक्रम समृद्धि

1.4 प्रतिपुष्टि प्रणाली

*(U) - केवल विश्वविद्यालयों एवं स्वायत्त महाविद्यालयों के लिए लागू

*(A) - केवल संबद्ध/घटक महाविद्यालयों के लिए लागू

कॉपीराइटपं. सं: L-94579/2020

1.1 *(U) पाठ्यक्रम अभिकल्पन एवं विकास

विश्वविद्यालयों तथा स्वायत्त महाविद्यालयों के महत्वपूर्ण दायित्वों में से एक पाठ्यक्रम अभिकल्पन एवं विकास है व और उनसे इस दायित्वों को निभाने के लिए प्रक्रियाओं, प्रणालियों और संरचनाओं की अपेक्षा की जाती है। पाठ्यक्रम अभिकल्पन एवं विकास विशेषज्ञ समूहों के परामर्श से और हितधारकों की प्रतिपुष्टि के आधार पर उपयुक्त आवश्यकता-आधारित आगत विकसित करने की एक जटिल प्रक्रिया है। इसके फलस्वरूप छात्रों की पेशेवर और व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुरूप लचीलेपन के साथ प्रासंगिक कार्यक्रमों का विकास होता है और मूलमंत्रों की प्राप्ति होती है। प्रमुख संकेतक (KIs), स्थानीय आवश्यकताओं के लिए तथा उभरते राष्ट्रीय और वैश्विक रुझानों के अनुरूप कार्यक्रम विकल्पों एवं पाठ्यक्रमों की श्रृंखला प्रारंभ करने में संस्थान की सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं पर भी विचार करते हैं।

विश्वविद्यालय/स्वायत्त महाविद्यालयों द्वारा विकसित पाठ्यक्रम में कार्यक्रम परिणाम (POs), कार्यक्रम विशिष्ट परिणाम (PSOs) और पाठ्यक्रम परिणाम (COs) सम्मिलित हैं। प्रत्येक विषय (पाठ्यक्रम) में पाठ्यक्रमों की मूल रूपरेखा, कार्यान्वयन के संगठनात्मक विवरण के साथ-साथ छात्र के प्रदर्शन के मूल्यांकन से PSOs और COs की प्राप्ति होती है। इस संबंध में विश्वविद्यालय/स्वायत्त महाविद्यालय द्वारा किए गए संशोधन, अद्यतन, उभरते मुद्दों आदि को सम्मिलित करने के प्रयासों में गुणवत्ता तत्व परिलक्षित होते हैं। विश्वविद्यालय/स्वायत्त महाविद्यालय द्वारा तैयार पाठ्यक्रम रोजगार योग्यता, उद्यमशीलता और कौशल विकास पर भी ध्यान केंद्रित करते हैं। POs, PSOs, COs को संस्थागत वेबसाइट पर अपलोड किया जा सकता है।

1.1 *(A) पाठ्यक्रम योजना एवं कार्यान्वयन

पाठ्यक्रम अभिकल्पन एवं विकास में संबद्ध/घटक महाविद्यालयों की भूमिका गौण होती है। वे संबंधित विश्वविद्यालयों द्वारा प्रदत्त पाठ्यक्रम प्रारूप को अपनाते हैं। प्रत्येक महाविद्यालय अपनी संसाधन क्षमता, संस्थागत लक्ष्यों, चिंताओं आदि के आधार पर, अपने तरीके से प्रदत्त समग्र संरचनाओं के भीतर पाठ्यक्रम का संचालन करते हैं। प्रत्येक महाविद्यालय पाठ्यक्रम को किस तरह से संचालित करना है अर्थात् - गतिविधियाँ, कौन, कैसे, कब आदि पर विचार करते हैं। यह प्रक्रिया प्रत्येक संस्थान को अद्वितीय बनाती है एवं गुणवत्ता के लिए महाविद्यालय के प्रयोजन पर बल देती है, संवेदनशीलता पर ध्यान केंद्रित करती है।

1.2 शैक्षणिक लचीलापन

कॉपीराइटपं. सं: L-94579/2020

शैक्षणिक लचीलेपन से आशय है पाठ्यक्रमों की समय-सीमा, क्षैतिज गतिशीलता, अंतर-अनुशासनात्मक विकल्पों एवं अन्य के उपयोग में स्वतंत्रता, जो पाठ्यक्रम लेनदेन द्वारा सुगम होता है। इस प्रमुख संकेतक में महाविद्यालय की पहल के रूप में प्रारंभ किए गए पूरक संवर्धन कार्यक्रम, क्रेडिट प्रणाली एवं पाठ्यक्रम में प्रस्तुत किए गए विकल्प, कार्यक्रम के संदर्भ में, पाठ्यक्रम लेनदेन एवं समय-सीमा के विकल्प पर विचार किया जाता है।

1.3 पाठ्यक्रम समृद्धि

पाठ्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य छात्रों का समग्र विकास है। तथापि इसका प्रयास गतिशील और अद्यतन पाठ्यक्रम आगत को निर्धारित करने के माध्यम से किया जाता है, उच्च शिक्षा संस्थानों से अपेक्षा की जाती है कि वे अतिरिक्त पाठ्यक्रमों एवं गतिविधियों का प्रावधान करें, जो सीधे किसी के अध्ययन के अनुशासन से न जुड़े हो , परंतु छात्रों को वर्तमान एवं वर्तमान से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों यथा लिंग, पर्यावरण और स्थिरता, मानवीय मूल्य, पेशेवर नैतिकता, और रचनात्मक एवं भिन्न दक्षताओं के विकास जैसे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विषयों के प्रति संवेदनशील करने में योगदान देते हों। प्रगतिशील विश्वविद्यालय छात्रों को उनकी रुचि एवं प्रवृत्ति के अनुसार "मूल्य वर्धित" पाठ्यक्रमों की एक विस्तृत श्रृंखला के चुनाव का विकल्प प्रदान करते हैं।

1.4 प्रतिपुष्टि प्रणाली

पाठ्यक्रम के पुनरीक्षणएवं पुनर्रचना की प्रक्रिया हाल के घटनाक्रमों और हितधारकों की प्रतिपुष्टि पर आधारित होता है। सभी हितधारकों की प्रतिपुष्टि समाज, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण की आवश्यकताओं को पूरा करने में इनकी प्रासंगिकताएवं उपयुक्तता के संदर्भ में आगत में सुधार करने में सहायक होती है।

प्रतिपुष्टि प्रणाली वाले उच्च शिक्षा संस्थान न केवल सभी हितधारकों से प्रतिपुष्टि एकत्र करते हैं, बल्कि इसका विश्लेषण करतें हैं एवं अध्ययन प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए प्रासंगिक संकेतकों की पहचान और चित्रांकन भी करते हैं।

मापदंड 2: - अध्यापन-अध्ययन एवं मूल्यांकन

मापदंड 2,संस्थान के प्रभावी शिक्षण-अध्ययन अनुभवों के माध्यम से विभिन्न पृष्ठभूमि एवं क्षमताओं के छात्रों को सेवा प्रदान करने हेतु किए गए प्रयासों से संबंधित है।संवादात्मकनिर्देशात्मक तकनीक, जो छात्रों को साक्षात्कार, केंद्रित समूह चर्चा, वाद-विवाद, परियोजनाओं, प्रस्तुतियों, प्रयोगों, अभ्यास, प्रशिक्षुता और ICT संसाधनों के उपयोग के माध्यम से उच्च क्रम 'सोच' और जांच में कार्यमग्न करती हैं बहुत ही महत्वपूर्ण विचार सिद्ध हुए हैं। यह कार्यक्रमों को संचालित करने वाले संकाय की पर्याप्तता, क्षमता सहित

कॉपीराइटपं. सं: L-94579/2020

अध्ययन के निरंतर व्यावसायिक विकास की भी जांच करता है। इस मापदंड का एक प्रमुख उद्देश्य शिक्षकों एवं छात्रों के कार्य–निष्पादन के लगातार मूल्यांकन हेतु उपयोग की जाने वाली तकनीकों की दक्षताभी है।

मापदंड 2के केंद्रबिंदु निम्नलिखित प्रमुख संकेतकों में से प्राप्त किया गया है:

प्रमुख संकेतक

2.1 छात्र नामांकन एवं प्रोफाइल

2.2 छात्र विविधता की आवश्यकताओं को पूर्ण करना

2.3 शिक्षण–अध्ययन प्रक्रिया

2.4 शिक्षकप्रोफाइल तथा गुणवत्ता

2.5 मूल्यांकन प्रक्रिया एवं सुधार

2.6 छात्र कार्य–निष्पादन एवं अध्ययन के परिणाम

2.7 छात्र संतुष्टि सर्वेक्षण

2.1 छात्र नामांकन एवंप्रोफाइल

कार्यक्रमों में छात्रों के प्रवेश की प्रक्रिया एक पारदर्शी, सुव्यवस्थित तंत्र के माध्यम से होती है, जो राज्य एवं केंद्र सरकार की संबंधित नियामक/अधिशासी एजेंसियों के सभी मापदंडों का अनुपालन करती है।इन अनिवार्य अनुपालनों के अतिरिक्त, संस्थान को विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों और सामाजिक–आर्थिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक पृष्ठभूमि से छात्र समुदाय को प्रतिनिधित्व प्रदान करने में समानता और व्यापक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए अपने प्रयास करने चाहिए।ये छात्र प्रोफाइल में परिलक्षित होंगे।

2.2 छात्र विविधता की आवश्यकताओं को पूर्ण करना

कॉपीराइटपं. सं: L-94579/2020

उच्च शिक्षा संस्थानों को चाहिए कि वे पिछड़े वर्गों के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों सहित विविध पृष्ठभूमि के छात्रों की आवश्यकताओं को पूरा करें। उन्हें विशेष वर्गों के छात्रों को आकर्षित करने के लिए विशेष प्रयास करने चाहिए, उनके अध्ययन स्तर के प्रारंभिक मूल्यांकन द्वारा विशेष अध्ययन की आवश्यकताओं तक पहुंचें, इसके अतिरिक्त संस्थान ऐसे छात्रों के लिए उनके कार्यकाल के वर्षों में संभावित भिन्नताओं को समझने के अलावा और कैसे और क्या किया जाए इस पर विचार करना चाहिए। एक-लिंग (महिला/पुरुष) संस्थानों में छात्रों को अन्य लिंगों के बारे में जागरूक करने हेतु स्पष्ट प्रयास किए जाने चाहिए।

2.3 शिक्षण-अध्ययन प्रक्रिया

छात्रों की पृष्ठभूमि, क्षमता एवं अन्य व्यक्तिगत विशेषताओं के संबंध में, उनकी विविधता उनके सीखने की सीमा को प्रभावित करेंगी। संस्था के शिक्षण-अध्ययन के तौर-तरीकों को छात्र समूह के लिए प्रासंगिक बनाया जाना चाहिए। सहभागिता अध्ययन, अनुभवात्मक अध्ययन, सहयोगात्मक अध्ययन और स्व-शिक्षण विधियों जैसी उपयुक्त विधियों के माध्यम से छात्र-केंद्रित शिक्षा प्रभावी अध्ययन की सुविधा प्रदान करती है।शिक्षकों को व्यक्तिगत और सहयोगी शिक्षण सहित विभिन्न प्रकार के शिक्षण अनुभव प्रदान करने चाहिए।अंतःक्रियात्मक एवं सहभागी दृष्टिकोण, यदि प्रयुक्त हो, तो शिक्षार्थियों में जिम्मेदारी की भावना पैदा करते हैं व शिक्षण को ज्ञान निर्माण की प्रक्रिया बनाते हैं।उपलब्ध विशाल डिजिटल संसाधन अध्ययन को अधिक व्यक्तिगत, रचनात्मक एवं गतिशील बनाते हैं।संस्थान में प्रदत्त शिक्षा गुणवत्ता काफी हद तक वर्तमान में उपलब्ध प्रौद्योगिकी समर्थन के साथ-साथ शिक्षण-अध्ययन को समृद्ध करने के लिए ऐसे शिक्षण संसाधनों को विकसित करने की पहल, शिक्षण प्रबंधन प्रणाली (एलएमएस), अन्य ई-संसाधनों के साथ शिक्षकों की तत्परताव उन्हें शिक्षण-अध्ययन योजना में सार्थक रूप से कैसे सम्मिलित किया जाए आदि पर निर्भर करती है।

2.4 शिक्षक प्रोफ़ाइलएवं गुणवत्ता

"शिक्षक गुणवत्ता" शिक्षकों की योग्यता एवं विशिष्टता, संस्थागतभर्ती प्रक्रियाओं की पर्याप्तता व संकाय उपलब्धता, व्यावसायिक विकास एवं शिक्षण क्षमताओं की मान्यता के संदर्भ में शिक्षकों की गुणवत्ता को इंगित करने के लिए एक संयुक्त शब्द है। शिक्षकों को अध्ययन हेतु प्रयत्न करते रहना चाहिए व मूल एवं सहायक विषयों में नवीनतम विकास के साथ तालमेल स्थापित करना चाहिए, नवपरिवर्तन लाने चाहिए, अपने कार्यनिष्पादन में निरंतर सुधार लाना चाहिए और व्यक्तिगत और संस्थागत उत्कृष्टता के लिए प्रयास करना चाहिए।

2.5 मूल्यांकन प्रक्रिया एवं सुधार

कॉपीराइटपं. सं: L-94579/2020

यह प्रमुख संकेतक, प्रणाली की दक्षता व प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए शिक्षण, अध्ययन एवं मूल्यांकन प्रक्रियाओं और सुधारों के मूल्यांकन से संबंधित विषयों को देखता है। मूल्यांकन का उद्देश्य विकास-प्रेरक प्रतिपुष्टि प्रदान करना है।छात्रों की क्षमता को बढ़ाने के लिए मूल्यांकन का गुणात्मक आयाम इसके उपयोग में है। अभिनव मूल्यांकन प्रक्रिया, कार्यक्रमों के विभिन्न स्तरों पर शिक्षार्थियों द्वारा अर्जित ज्ञान एवं कौशल का आकलन करना है।

इन विनिर्देशों को PSOs एवं COs के रूप में वर्णित किया गया है। उच्च शिक्षा संस्थानों में मूल्यांकन प्रक्रिया की गुणवत्ता इस बात पर निर्भर करती है कि परीक्षा प्रणाली वास्तव में PSOs एवं COs, प्रश्नों की गुणवत्ता, प्रणाली में पारदर्शिता परिमाण, विकास-प्रेरक प्रतिक्रिया प्रणाली परिमाण, परीक्षाओं के संचालन में नियमितता और घोषणा परिणामों के साथ-साथ संभावित त्रुटियों (यदि कोई हो) पर त्वरित कार्रवाई के लिए नियामक तंत्र को कितनी अच्छी तरह परीक्षण करती है ।

2.6 छात्र कार्य-निष्पादन एवं अध्ययन के परिणाम

उच्च शिक्षा संस्थानों में शिक्षण-अध्ययन किस हद तक प्रभावी रहा, इसकी वास्तविक कसौटी, परीक्षा में छात्र के प्रदर्शन द्वारा प्रतिबिंबित होती है। छात्र के प्रदर्शन को अध्ययन परिणामों की अनुभूति के रूप में देखा जाता है, जो कि पाठ्यक्रम एवं/या कार्यक्रम के सफल समापन पर छात्र को क्या करने में सक्षम होना चाहिए, इसके विनिर्देश हैं।

2.7 छात्र संतुष्टि सर्वेक्षण

अध्ययन को सार्थक प्रक्रिया बनाने हेतु शिक्षकों एवं संस्था के सभी प्रयासों को तभी प्रभावशाली माना जा सकता है, जब तक छात्र इसे सार्थक समझे। उनकी संतुष्टि का स्तर उनके द्वारा अनुभूत अनुभवों के प्रकार, "सुभीते" की भावना के साथ-साथ अध्ययन की स्थितियों द्वारा प्रदत्त बौद्धिक उत्तेजना से तय होता है। उनकी प्रतिपुष्टि महत्वपूर्ण रूप से शिक्षण-अध्ययन प्रक्रिया की वास्तविक गुणवत्ता को प्रदर्शित करती है जिससे शिक्षण की सामर्थ्य की पहचान के साथ-साथ संभावित सुधारों की पहचान होती है। इस प्रकार छात्र संतुष्टि संस्था में शिक्षण-अध्ययन की प्रभावशीलता का प्रत्यक्ष संकेतक है। प्रत्येक छात्र से इस पहलू को प्राप्त करना अव्यावहारिक हो सकता है; तथापि, प्रत्येक उच्च शिक्षा संस्थान इस महत्वपूर्ण विशिष्टता को प्राप्त के लिए औपचारिक आधार पर नमूना सर्वेक्षण का सहारा ले सकते हैं। यही कारण है कि नैक के संशोधित मूल्यांकन रूपरेखामें छात्र संतुष्टि सर्वेक्षण (SSS) को अपनाया गया है।

मापदंड 3: अनुसंधान, नवाचार एवं विस्तार

कॉपीराइटपं. सं: L-94579/2020

यह मापदंड अनुसंधान, नवाचारों एवं विस्तार के संदर्भ में संस्थान की नीतियों, प्रथाओं व परिणामों के बारे में जानकारी प्राप्त करता है।यह 'अनुसंधान संस्कृति' को बढ़ावा देने के लिए संस्थान द्वारा प्रदत्त सुविधाओं एवं प्रयासों से संबंधित होता है। संस्थान का दायित्व है कि वह समाज के लिए उपयोगी अनुसंधान परियोजनाओं को प्रारंभ करने के लिए संकाय सदस्यों को सक्षम करे। इस मापदंड का प्रमुख पहलू विस्तार के माध्यम से समुदाय की सेवा करना, जो एक सामाजिक दायित्व है एवं संस्थानों द्वारा प्रदर्शित किया जाने वाला मूलमंत्र भी है।

मापदंड 3के केंद्रबिंदु निम्नलिखित प्रमुख संकेतकों में से प्राप्त किया गया है:

प्रमुख संकेतक

3.1 *अनुसंधान व सुविधाओं को प्रोत्साहन देना

3.2 अनुसंधान हेतु संसाधन संग्रहण

3.3 नवाचारपारिस्थितिकी तंत्र

3.4 अनुसंधान प्रकाशन एवं पुरस्कार

3.5 *परामर्श कार्य

3.6 विस्तार गतिविधियां

3.7 सहयोग

---

*संबद्ध/घटक महाविद्यालयों पर लागू नहीं

3.1 अनुसंधान व सुविधाओं को प्रोत्साहन देना

कॉपीराइटपं. सं: L-94579/2020

उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए अनुसंधान को प्रोत्साहन देना एक महत्वपूर्ण दायित्व है, विशेष रूप से विश्वविद्यालयों के लिए जिसके बिना परिसर में 'अनुसंधान संस्कृति' को कार्यान्वित नहीं किया जा सकता है। उच्च शिक्षा संस्थानों को उपयुक्त नीतियों एवं प्रथाओं को विकसित करने, पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराने, शिक्षकों और विद्वानों की सक्रिय अनुसंधान भागीदारी को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ अनुसंधान के माध्यम से शिक्षकों की किसी भी उपलब्धि को पहचानने के माध्यम से इस प्रयास में सक्रिय रूप से सम्मिलित होना होगा। इसमें सरकार एवं/या अन्य एजेंसियों द्वारा उपलब्ध कराए गए समर्थन और संसाधनों के उपयोग द्वारा संस्थान के उत्तरदायित्व एवं प्रशासनिक सहायता (प्रक्रियात्मक लचीलापन) भी सम्मिलित हैं। अनुसंधान के लिए परिसर में स्थान, उपकरण एवं सहायता सुविधाओं के संदर्भ में आवश्यक आधारिक संरचना उपलब्ध कराया जाना चाहिए। सुविधाओं को साझा करने एवं सहयोगी अनुसंधान के लिए संस्थान को अन्य एजेंसियों, संस्थानों और अनुसंधान निकायों के साथ सहयोग करना चाहिए।

3.2 अनुसंधान हेतु संसाधन संग्रहण

संस्थान को आवश्यक वित्तीय, शैक्षणिक एवं मानव संसाधनों के रूप में सहायता प्रदान करना चाहिए एवं समय पर प्रशासनिक निर्णय लेना चाहिए ताकि संकाय सदस्य को परियोजना प्रस्ताव प्रस्तुत करने में सक्षम बनाया जा सके व अनुसंधान के लिए संसाधन संग्रहण के लिए निधिकरण एजेंसियों से संपर्क किया जा सके। किसी भी संस्थान के अनुसंधान में उत्कृष्टता के लिए महत्वपूर्ण है कि वे अपने संकाय सदस्यों को अनुसंधान परियोजनाओं को प्रस्तुत करने के लिए संस्थागत समर्थन, प्रशासनिक प्रक्रियाओं में लचीलेपन के माध्यम से बाह्य वित्त पोषण प्राप्त कराते हुए, आधारिक संरचना एवं शैक्षणिक सहायता प्रदान करें। वर्तमान सुविधाओं के प्रयोग द्वारा अनुसंधान गतिविधियों को प्रारंभ करने के लिए संकाय सदस्यों को सशक्त बनाया जाना चाहिए। संस्थान को अपने कर्मचारियों को संसाधन साझा करने और सहयोगी अनुसंधान दोनों के लिए अंतःविषय/बहु-विषयक/अंतरविभागीय अनुसंधान गतिविधियों में संलग्न होने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

3.3 नवाचारपारिस्थितिकी तंत्र

संस्थान ने नवाचार के लिए पारिस्थितिकी तंत्र बनाया है, जिसमें उद्भवन केंद्र और ज्ञान सृजन एवं हस्तांतरण के लिए अन्य पहल सम्मिलित हैं। संस्थान बौद्धिक संपदा अधिकार (IPR) और उद्योग-अकादमिक अभिनव प्रथाओं पर कार्यशाला/सेमिनार आयोजित करता है। संस्थान/शिक्षकों/शोध विद्वानों/छात्रों द्वारा प्राप्तनवाचार पुरस्कार, परिसर में उद्भवितस्टार्ट-अप को संस्थान द्वारा स्पष्ट रूप से प्रोत्साहित किया जाता है।

3.4 अनुसंधान प्रकाशन एवं पुरस्कार

किसी भी शिक्षक को अपने काम में प्रभावी होने के लिए अन्वेषण एवं चिंतन महत्वपूर्ण होता है। गुणवत्ता अनुसंधान परिणाम अनुशासन, समाज, उद्योग, क्षेत्र और राष्ट्र के लिए लाभकारी होता है। विभिन्न मीडिया के माध्यम से विशिष्ट रूप से अनुसंधान के सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक निष्कर्षों को साझा करने से शिक्षण और अध्ययन की

कॉपीराइटपं. सं: L-94579/2020

गुणवत्ता में वृद्धि होती है। अनुसंधान प्रखरता उभरती हुई विशिष्टता है, जो स्पष्ट रिकॉर्ड जैसे- डॉक्टरेट, पोस्ट-डॉक्टरल, परियोजनाओं, आविष्कारों और खोजों, प्राप्त पेटेंटों की संख्या और शोध प्रकाशनों की संख्या के साथ विभिन्न शोध आउटपुट को दर्शाती है।

3.5 परामर्श कार्य

बाह्य एजेंसी के लिए संकाय सदस्य द्वारा आयोजित या प्रबंधित गतिविधि जिसके लिए संकाय की विशेषज्ञता एवं विशिष्ट ज्ञान आधार, प्रमुख आगत होता है, उसेमान्यता दी जानी है। संस्थान द्वारा परामर्श के माध्यम से अर्जित वित्त का उचित उपयोग किया जाना चाहिए। परामर्श लेने वाले संकाय सदस्यों को उचित रूप से पुरस्कृत किया जाना चाहिए। विश्वविद्यालय विभिन्न स्तरों पर अनुसंधान में लगे कई व्यक्तियों सहित संसाधन निकाय होता है। परामर्श बाह्य दुनिया में विश्वविद्यालय के शोध कौशल की विश्वसनीयता को दर्शाती है।यद्यपि विश्वविद्यालय के कर्मचारी सहित संकाय अन्य एजेंसियों के लिए अपनी विशेषज्ञता प्रदान करते हैं, इससे विश्वविद्यालय को भी राजस्व प्राप्त होता है। अतः यह आवश्यक है कि विश्वविद्यालय के पास शिक्षक और संस्थान के बीच राजस्व सहभाजन के स्पष्ट विनिर्देशों सहित परामर्श पर औपचारिक नीति होनी चाहिए। हालाँकि, यह महाविद्यालय के औपचारिक पहलू नहीं हो सकते हैं।

3.6 विस्तार गतिविधियां

अध्ययन गतिविधियों में सामुदायिक विषय, लैंगिक असमानताएं, सामाजिक असमानताएं आदि के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने और समाज के प्रति मूल्यों और प्रतिबद्धता को विकसित करने के लिए एक दृश्य तत्व है। संस्था की गतिविधियों में रुचि रखने वाले समूहों या व्यक्तियों के साथ संबंधन और अंतःक्रिया एवं संगठन के कार्यों, निर्णयों, नीतियों, प्रथाओं या लक्ष्यों को प्रभावित करने की क्षमता से दोनों पक्षों को पारस्परिक लाभ होता है। ऐसी गतिविधियों में निहित प्रक्रियाएं और रणनीतियाँ छात्रों को सामाजिक विषयों एवं संदर्भों के प्रति प्रासंगिक रूप से संवेदनशील बनाती हैं। शिक्षार्थी के साथ-साथ समुदाय के लिए उपयोगी ज्ञान उत्पन्न करने के विषय में बेहतर प्रदर्शन से संस्था की सतत प्रथाओं के परिणाम सफल होते हैं।

विस्तार भी शिक्षा का पहलू है, जो सामुदायिक सेवाओं पर बल देता है। इन्हें प्रायः विस्तारित अवसरों के रूप में पाठ्यक्रम के साथ एकीकृत किया जाता है, जिसका उद्देश्य सहायता करना, सेवा करना, प्रतिबिंबित करना और सीखना है। पाठ्यक्रम-विस्तार अंतराफलक का शैक्षिक मूल्य है, विशेषकर ग्रामीण भारत में।

3.7 सहयोग

कॉपीराइटपं. सं: L-94579/2020

उच्च शिक्षा संस्थानसहयोग के माध्यम से कार्य क्षेत्र के साथ निकट संपर्क बनाए रख सकते हैं। यह उच्च शिक्षा संस्थानमें अकादमिक गतिविधियों को अधिक यथार्थवादी परिप्रेक्ष्य में रखने में सहायक सिद्ध होता है एवं छात्रों के अध्ययन अनुभवों के दायरे को भी विस्तारित करता है।शैक्षणिक संस्थानों या उद्योग या व्यवसायी एवं सामाजिक प्रासंगिकता की अन्य एजेंसियों के साथ सहयोग के प्रयास किए जा सकते हैं।गतिविधियों की श्रेणी में प्रशिक्षण, छात्र विनिमय, संकाय आदान-प्रदान, अनुसंधान एवं संसाधन साझा करना आदि सम्मिलित हो सकते हैं। सहयोगात्मक प्रयास को प्रभावशाली बनाने के लिए, यह आवश्यक है कि ऐसी गतिविधियों के लिए संस्था एवं अन्य उच्च शिक्षा संस्थान या एजेंसियों के बीच औपचारिक समझौता हो।

मापदंड 4 : आधारभूत सुविधाएँ एवं अध्ययन संसाधन

परिसर में शैक्षणिक एवं अन्य कार्यक्रमों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए किसी भी संस्थान में उपलब्ध सुविधाओं की पर्याप्तता और इष्टतम उपयोग अति आवश्यक होता है। इसके लिए इस जानकारी की आवश्यकता होती है कि संस्था के प्रत्येक घटक - छात्र, शिक्षक एवं कर्मचारी - इन सुविधाओं से कैसे लाभान्वित होते हैं। अन्य प्रयासों में भविष्य विकास को पूरा करने के लिए सुविधाओं का विस्तार सम्मिलित है।

मापदंड 4 के केंद्रबिंदु निम्नलिखित प्रमुख संकेतकों में से प्राप्त किया गया:

प्रमुख संकेतक

4.1 भौतिक सुविधाएं

4.2 अध्ययन संसाधन के रूप में पुस्तकालय

4.3 IT आधारिक संरचना

4.4 परिसर आधारिक संरचना का रखरखाव

4.1 भौतिक सुविधाएं

शैक्षिक कार्यक्रमों के प्रभावी और कुशल संचालन के लिए पर्याप्त आधारिक संरचना अनिवार्य होती हैं। आधारिक संरचना विकास एवं संस्थान के शैक्षणिक विकास को सामंजस्य बिठाना होगा। पाठ्यक्रम, सह-पाठ्यक्रम, पाठ्येतर

कॉपीराइटपं. सं: L-94579/2020

एवं प्रशासनिक गतिविधियों के लिए प्रभावी माहौल में योगदान हेतु परिसर में अन्य सहायक सुविधाएं विकसित की गई हैं। भौतिक सुविधाओं के रखरखाव एवं पुनःपूर्ति के लिए प्रतिवर्ष बजट में व्यय का प्रावधान किया जाता है जिससे उनकी सतत उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

4.2 अध्ययन संसाधन के रूप में पुस्तकालय

संस्थागत पुस्तकालय में पुस्तकों, पत्रिकाओं, ई-संसाधनों एवं प्रौद्योगिकी सहायता प्राप्त अध्ययन तंत्र सहित अन्य अध्ययन सामग्री पर्याप्त रूप से उपलब्ध होनी चाहिए जिससे कि छात्रों को उनके अध्ययन कार्यक्रमों के लिए आवश्यक सूचना, ज्ञान व कौशल प्राप्त हो सके।पुस्तकालय में डिजिटल प्रौद्योगिकियों की उपलब्धता उसका अभिन्न अंग होना चाहिए। ILMS के प्रयोग द्वारा पुस्तकालय का स्वचालन, ई-पत्रिकाओं एवं पुस्तकों का उपयोग, पुस्तकालय में ई-संसाधनों तक दूरस्थ पहुंच प्रदान करना आवश्यकता का विषय बन गया है। इस तरह के अन्य विकास एवं उनका उपयोग, शैक्षणिक संस्थान की गुणवत्ता के महत्वपूर्ण संकेतक हैं।

4.3 ITआधारिक संरचना

संस्था पर्याप्त प्रौद्योगिकी तैनाती एवं रखरखाव के लिए नीतियों एवं रणनीतियों को अपनाती है।शैक्षणिक और प्रशासनिक उद्देश्यों हेतु संस्थान में ICT सुविधाएं एवं अन्य शिक्षण संसाधन पर्याप्त रूप से उपलब्ध हैं। संकायएवं छात्रों के पास वर्तमान और प्रासंगिक विषयों पर प्रौद्योगिकी तथा सूचना पुनर्प्राप्तिकीउपलब्धता है। संस्थान कई गतिविधियों के लिए ICTs को तैनात और नियोजित करता है।

4.4 परिसर आधारिक संरचना का रखरखाव

प्रभावी संस्थागत कार्य के लिए पर्याप्त आधारिक संरचना होना ही पर्याप्त नहीं है, परंतु आधारिक संरचना का नियमित रखरखाव और आवधिकपुनःपूर्ति आवश्यक है। यह आवश्यक है कि संस्थान के पास आधारिक संरचना के नियमित रखरखाव के लिए पर्याप्त संसाधन हैंएवं इसके इष्टतम उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए प्रभावी तंत्र भी हैं।

मापदंड 5: छात्र सहायता एवं प्रगति

कॉपीराइटपं. सं: L-94579/2020

इस मापदंड की मुख्य विशिष्टता छात्रों को आवश्यक सहायता प्रदान करने, उन्हें परिसर में अध्ययन के सार्थक अनुभव प्राप्त करने एवं उनके समग्र विकास और प्रगति को सुविधाजनक बनाने हेतु संस्थान के प्रयास हैं। यह छात्रों के कार्यनिष्पादन और पूर्व छात्रों के प्रोफाइल एवं उच्च शिक्षा तथा लाभकारी रोजगार के लिए छात्रों की प्रगति को भी देखता है।

मापदंड 5 के केंद्रबिंदु निम्नलिखित प्रमुख संकेतकों में से प्राप्त किया गया:

प्रमुख संकेतक

5.1 छात्र सहायता

5.2छात्र प्रगति

5.3 छात्र भागीदारी एवं गतिविधियाँ

5.4 पूर्वछात्रोंकी सहभागिता

5.1 छात्र सहायता

मार्गदर्शन कक्ष, स्थानन कक्ष, शिकायत निवारण कक्ष एवं छात्रों की सहायता के लिए कल्याणकारी उपायों जैसे तंत्र को सुगम बनाना। अध्ययन में कठिनाई अनुभव करने वाले आवश्यक छात्रों को विशेष रूप से अभिकल्पितआगत प्रदान किए जाते हैं। संबंधित क्षेत्रों में ब्रिजएवंमूल्य वर्धितपाठ्यक्रम के लिए प्रावधान किया जाना चाहिए। संस्थान में सुव्यवस्थित, संगठित मार्गदर्शन एवं परामर्श प्रणाली उपलब्ध होनी चाहिए। छात्रों को छात्रवृत्ति, फ्रीशिप तथा अन्य माध्यमों से लाभान्वित किया जाता है जिन्हें उच्च शिक्षा संस्थानद्वारा पहचाना जाना चाहिए।

5.2 छात्र प्रगति

कॉपीराइटपं. सं: L-94579/2020

उच्च अध्ययन एवं/या रोजगार के लिए छात्रों की प्रगति संस्थान हेतु प्रासंगिक विषय है। खराब उपलब्धि के कारणों की पहचान करें तथा योजना बनाएं एवं उपचारात्मक उपायों को लागू करें। सतत अच्छी प्रथाएं छात्रों को प्रभावी ढंग से सहायता करती हैं, इष्टतम प्रगति की सुविधा प्रदान करती हैं। संस्थागत प्रावधान शिक्षा के स्तर से अगले उच्च स्तर तक एवं/या लाभकारी रोजगार की ओर छात्रों के ऊर्ध्वाधर संचलन की सुविधा प्रदान करते हैं। राज्य/राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं या प्रतियोगिताओं के लिए अर्हता प्राप्त करने वाले छात्रों की पहचान उच्च शिक्षा संस्थानों द्वारा की जानी चाहिए।

कॉपीराइटपं. सं: L-94579/2020

5.3 छात्र भागीदारी एवं गतिविधियाँ

संस्था सामाजिक न्याय और उन्नतहितधारक संबंधों के लिए समावेशी प्रथाओं को प्रोत्साहन देती है। संस्था अपने छात्र समुदाय के मध्य सामाजिक दायित्वएवं अच्छे नागरिक तैयार करने के लिए मूल्य आधारित शिक्षा को प्रोत्साहन देती है। संस्था के पास आवश्यक आधारिक संरचना है एवं सामाजिक, सांस्कृतिक और अवकाश गतिविधियों में छात्रों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहन देती है। गतिविधियों में छात्रों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने से विभिन्न कौशल और दक्षताओं का विकास होता है एवं समग्र विकास को प्रोत्साहन मिलता है।

5.4 पूर्वछात्रों की सहभागिता

पूर्व छात्र संस्था के लिए पुष्ट अवलंब हैं। सक्रिय पूर्व छात्र संघ शैक्षणिक मामलों, छात्र सहायता के साथ-साथ वित्तीय और गैर-वित्तीय दोनों संसाधनों को संग्रहित करने में योगदान देते हैं। संस्था पूर्व छात्र संघों/अध्यायों का पोषण करती है ताकि उन्हें वित्तीय और गैर-वित्तीय साधनों के माध्यम से संस्था के विकास में महत्वपूर्ण योगदान में सहायता मिल सके।

मापदंड 6: प्रशासन, नेतृत्व एवं प्रबंधन

किसी संस्था के प्रभावी कार्य का अनुमान उन नीतियों और प्रथाओं से लगाया जा सकता है जो मानव संसाधन नियोजन, भर्ती, प्रशिक्षण, कार्यनिष्पादन मूल्यांकन, वित्तीय प्रबंधन एवं नेतृत्व की समग्र भूमिका के संबंध में विकसित हुए हैं।

मापदंड 6 के केंद्रबिंदु निम्नलिखित प्रमुख संकेतकों में से प्राप्त किया गया:

प्रमुख संकेतक

6.1संस्थागत दृष्टि एवं नेतृत्व

6.2रणनीति विकास एवं तैनाती

6.3संकाय सशक्तिरण रणनीतियाँ

6.4वित्तीय प्रबंधन एवं संसाधन संग्रहण

6.5आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रणाली (IQAS)

कॉपीराइटपं. सं: L-94579/2020

6.1 संस्थागत दृष्टि एवं नेतृत्व

मूल्यों को स्थापित करके प्रभावी नेतृत्व एवं सहभागी निर्णय लेने की प्रक्रिया न केवल संस्था की दृष्टि, ध्येय और लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए बल्कि संगठनात्मक संस्कृति के निर्माण में भी महत्वपूर्ण है। शैक्षणिक और प्रशासनिक योजना एवं कार्यान्वयन के समन्वय के लिए संस्थान में औपचारिक और अनौपचारिक व्यवस्थाएं संस्थान के अपने दृष्टि को प्राप्त करने के प्रयासों को दर्शाती हैं।

6.2 रणनीति विकास एवं तैनाती

नेतृत्व संस्था को स्पष्ट दृष्टि और लक्ष्य प्रदान करते है। संस्था एवं इसकी शैक्षणिक और प्रशासनिक इकाइयों के कार्य भागीदारी और पारदर्शिता के सिद्धांतों द्वारा शासित होते हैं। कार्यान्वयन के लिए विशिष्ट योजनाओं के साथ विकास के उद्देश्यों, निर्देशों और दिशानिर्देशों का निर्माण, शैक्षणिक एवं प्रशासनिक पहलुओं को संरेखित करके संस्थागत प्रावधानों की समग्र गुणवत्ता में सुधार करता है।

6.3 संकाय सशक्तिरण रणनीतियाँ

भर्ती, कार्यनिष्पादन मूल्यांकन, व्यवसायी विकास कार्यक्रमों सहित मानव संसाधन की योजना बनाने की प्रक्रिया एवं उचित प्रतिक्रिया प्राप्त करना, प्रतिक्रियाओं का विश्लेषण यह सुनिश्चित करता है कि वे योजना का आधार बने। कर्मचारियों की व्यवसायी क्षमता को उन्नत करने के प्रयास किए जाते हैं। कर्मचारियों के नियमित कार्यनिष्पादन मूल्यांकन के लिए तंत्र विकसित किए गए हैं।

6.4 वित्तीय प्रबंधन एवं संसाधन संग्रहण

इस प्रमुख संकेतक के अधीन बजट तैयार करना एवं वित्त के इष्टतम उपयोग के साथ-साथ संसाधनों को संग्रहित करने पर विचार किया जाता है। वित्तीय संसाधनों के नियोजन तथा आबंटन के लिए स्थापित प्रक्रियाएं एवं कार्यविधियाँ विद्यमान हैं। संस्थान ने संसाधन संग्रहित के लिए रणनीति विकसित की है एवं संस्था के वित्तीय प्रबंधन में पारदर्शिता सुनिश्चित होती है। संस्था की आय और व्यय नियमित आंतरिक और बाह्य लेखा परीक्षा के अधीन की जाती हैं।

6.5 आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रणाली (IQAS)

उच्च शिक्षा संस्थान की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रणाली, उच्च शिक्षा संस्थानों की स्व-विनियमित दायित्व हैं, जिसका उद्देश्य अकादमिक उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए गुणवत्ता में निरंतर सुधार करना है। संस्थान में अकादमिक

कॉपीराइटपं. सं: L-94579/2020

और प्रशासनिक लेखा परीक्षा के लिए तंत्र हैं। यह सभी शैक्षणिक और प्रशासनिक पहलुओं में गुणवत्ता प्रबंधन रणनीतियों को अपनाता है। संस्था में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन कक्ष (IQAC) है तथा इसके प्रावधानों के प्रबंधन में भागीदारी दृष्टिकोण अपनाता है।

मापदंड 7: संस्थागत मूल्य एवं सर्वोत्तम प्रथाएं

देश में शिक्षण संस्थान व्यापक शिक्षा प्रणाली के संदर्भ में कार्य करते हैं। परिवर्तनशील राष्ट्रीय तथा वैश्विक संदर्भों में प्रासंगिक होने के लिए, किसी भी शैक्षणिक संस्थान को उभरती चुनौतियों व महत्वपूर्ण विषयों के प्रति उत्तरदायी होना चाहिए। व्यापक संदर्भों में विकास की दिशा में प्रयत्नशील रहने की सामाजिक जिम्मेदारी है। संस्था की यह भूमिका कार्यक्रमों के प्रकार, गतिविधियों और वरीयताओं (मूल्यों) के संदर्भ में परिलक्षित होती है, जिसे वह अपने नियमित कार्य में सम्मिलित करता है। इसमें कोई संस्था किस सीमा तक प्रभावशाली है, यह उसकी गुणवत्ता का निश्चित प्रतिबिंब है।

प्रत्येक संस्थान को कम से कम कुछ महत्वपूर्ण विषय यथा लैंगिक समानता, पर्यावरण चेतना और स्थिरता, समावेशिता और व्यवसायी नैतिकता के प्रति उत्तरदायी होने के लिए कटिबद्ध होना चाहिए, परंतु जिस तरह से यह इन्हें निष्पादित किया जाता है एवं प्रथाओं को विकसित किया जाता है वह सदैव विलक्षण होगा। प्रत्येक संस्था ऐसा करते समय विभिन्न प्रकार के आंतरिक दबावों और स्थितियों का सामना करती है और उनका समाधान करती है। ऐसी स्थितियों से संबंधित कुछ सार्थक प्रथाएं संस्था के भीतर विकसित की जाती हैं एवं ये सुचारू रूप से काम करने में सहायक होती हैं और प्रभाव को भी बढ़ाती हैं। ऐसी प्रथाएँ, जो संस्थान द्वारा आंतरिक रूप से विकसित की जाती हैं, जिससे उसके कार्य के किसी एक पहलू में सुधार होता है – शैक्षणिक, प्रशासनिक या संगठनात्मक – को "सर्वोत्तम प्रथा" के रूप में मान्यता दी जाती है। समय के साथ, कार्य करने के ऐसे अनूठे तरीकों के कारण प्रत्येक संस्था एक विशिष्ट विशेषता विकसित करती है जो इसकी पहचान योग्य विशेषता बन जाती है।

मापदंड 7 के केंद्रबिंदु निम्नलिखित प्रमुख संकेतकों में से प्राप्त किया गया:

प्रमुख संकेतक

7.1 संस्थागत मूल्य एवं सामाजिक दायित्व

7.2 सर्वोत्तम प्रथाएं

7.3 संस्थागत विशिष्टता

कॉपीराइटपं. सं: L-94579/2020

7.1 संस्थागत मूल्य एवं सामाजिक दायित्व

संस्था लैंगिक समानता संवर्धन कार्यक्रम आयोजित करती है। संस्था जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीयविषयों के प्रति संवेदनशीलता प्रदर्शित करती है। पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं को अपनाते है एवं आवश्यक कार्रवाई करते हैं जैसे – ऊर्जा संरक्षण, वर्षा जल संचयन, अपशिष्टपुनर्चक्रण (ठोस/तरल अपशिष्ट प्रबंधन, ई–अपशिष्ट प्रबंधन), कार्बन तटस्थता, हरित रुझान आदि। संस्था भिन्न रूप से सक्षम लोगों की भी सुविधा प्रदान करती है (दिव्यांगजनअनुकूल), स्थानीय लाभ और हानि (स्थितियों) से प्रभावी व्यवहार, मानवीय मूल्यों तथा व्यवसायी नैतिकता आदि के लिए स्पष्ट दायित्व। अन्य शब्दों में, सामाजिक दायित्व के साथ–साथ संस्था द्वारा धारित मूल्य इसके नियमित गतिविधियों में स्पष्ट होता है।

7.2 सर्वोत्तम प्रथाएं

गत कुछ वर्षों के दौरान संस्थान द्वारा आंतरिक रूप से विकसित और प्रयुक्त किसी भी प्रथा से संस्थान के नियमित कार्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जिसे "सर्वोत्तम प्रथा" के रूप में अभिज्ञात किया जाता है। ये किसी प्राधिकरण द्वारा निर्धारित कोई गतिविधि नहीं हैं। कभी–कभी संस्थान में कुछ नवोन्मेष या अपने कार्य के किसी पहलू में परिवर्तन होता है। यह प्रथा मुख्य रूप से एक निश्चित समय में संस्था के भीतर प्रासंगिक होता है। यह शिक्षण–अध्ययन, कार्यालय प्रथाओं, रखरखाव एवं मनुष्यों या धन के विषय से निपटने के संबंधित हो सकता है। संक्षेप में, ये 'सर्वोत्तम प्रथाएं' संस्थागत संदर्भ में प्रासंगिक होती हैं एवं संस्थागतकार्य के शैक्षणिक या प्रशासनिक या संगठनात्मक पहलुओं से संबंधित हो सकते हैं।

7.3 संस्थागत विशिष्टता

